कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.01.2025

विषयः- वाहनों के स्टेपनी/टायरों की चोरी करने वाले 02 नफ़र वांछित शातिर अभियुक्तगण 01- संतोष कुमार व 02- अनुज यादव उर्फ अन्नू यादव थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, चोरी के कुल 10 अदद टायर मय रीम (अनुमानित कीमत करीब 04 लाख रुपये), स्टेपनी खोलने के विभिन्न उपकरण व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद चार पहिया वाहन बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0-006/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बढोतरी धारा 317(2)/317(5)/112(2) बी0एन0एस0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी से संबंधित 02 नफ़र वांछित शातिर अभियुक्तगण 1. सन्तोष कुमार पुत्र रामलोटन निवासी नवपेड़वा थाना बक्सा जनपद जौनपुर व 2. अनुज यादव उर्फ अन्नु यादव पुत्र हृदय नारायण यादव उर्फ हृदय यादव निवासी धर्मापुर सेवई नाला बाजार थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को आज दिनांक-07.01.2025 को समय करीब 00.49 बजे बाटा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से व उनकी निशानदेही पर चोरी के कुल 10 अदद टायर मय रीम (अनुमानित कीमत करीब 04 लाख रुपये), एक सफेद बोरी में स्टेपनी खोलने हेतु विभिन्न उपकरण तथा घटना मे प्रयुक्त 01 अदद चार पहिया वाहन स्कोर्पियों बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 05.01.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने न्यू विशाल कैरियर किरन पेट्रोल पम्प के बगल मे बौलिया जनपद वाराणसी से वादी मुकदमा/प्रार्थी के ट्रक EICER-315 गाडी नं0-MH21BH7594 का स्टेपनी चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना मण्डुवाडीह में मु0अ0सं0-0006/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 पवन कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. सन्तोष कुमार पुत्र रामलोटन निवासी नवपेड़वा थाना-बक्सा जनपद जौनपुर, उम्र 39 वर्ष।
2. अनुज यादव उर्फ अन्नु यादव पुत्र हृदय नारायण यादव उर्फ हृदय यादव निवासी धर्मापुर सेवई नाला बाजार थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर, उम्र 20 वर्ष।

पूछताछ का विवरण- दोनों अभियुक्तगण सन्तोष कुमार व अनुज यादव उर्फ अन्नु यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों भरत यादव के यहाँ काम करते हैं और हमारे मालिक के पास 04-05 ट्रक हैं, जिसपर सोनभद्र से गिट्टी व बालू लादने का काम होता है। जब भी उनकी गाड़ियां बनारस,चन्दौली की तरफ गिट्टी व बालू ओवरलोड लेकर आती है तो हम दोनों को हमारे मालिक गाड़ियों को पास कराने के लिये रात्रि 12.00 बजे के बाद हम लोगों को भेजते थे लेकिन घर से निकलने के बाद हमलोग स्कोर्पियो का बीच वाला व पीछे वाला सीट खोलकर हटा देते है तथा उनके भेजे हुये जगह पर न जाकर उनकी बिना जानकारी में हम लोग रात में कैंट, लहरतारा, मण्डुवाडीह, चितईपुर, डाफी, अमरा, रोहनिया के आस-पास अंधेरे में एकांत में खड़े ट्रको व गाड़ियो की स्टेपनी व टायर चोरी से खोल लेते है तथा उक्त चोरी किये हुये टायर/स्टेपनी को स्कोर्पियो में पीछे लादकर लेकर भाग जाते है। चोरी किये स्टेपनी/टायर को हम लोग राह चलते ही किसी ट्रक वाले को आठ-दस हजार में बेच देते है और मिले हुए पैसे को हम दोनों आपस में बांटकर अपना खर्च व शौक पूरा करते है, क्योंकि मालिक द्वारा हम लोगों को जो तनख्वाह दी जाती है उसमे से हम अपना खर्चा व शौक पूरा नहीं कर पाते हैं।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- बाटा मोड़ के पास से, दिनांक-07.01.25 को समय करीब 00.49 बजे।

बरामदगी का विवरण-

1- चोरी के कुल 10 अदद टायर मय रीम (02 अदद टायर छोटा चक्का मय रीम व 08 अदद टायर बड़ा चक्का (ट्रक) मय रीम) जिनकी **अनुमानित कीमत करीब 04 लाख रुपये।**

2- घटना मे प्रयुक्त 01 अदद चार पहिया वाहन स्कोर्पियों UP65DY3727 को अन्तर्गत धारा 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया।

3- एक सफेद बोरी में स्टेपनी/टायर खोलने हेतु विभिन्न उपकरण (एक अदद सब्बल लोहे का, दो अदद स्पेनर छोटा साईज, एक अदद बड़ा स्पैनर, दो अदद एल शेप स्पेनर, चौदह अदद रिंच, एक अदद पेचकस, एक अदद छोटी आरी, एक अदद छोटी चाकू)

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 006/2025 धारा 303(2)/317(2)/317(5)/112(2) बीएनएस थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2.मु0अ0सं0 387/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।
3.मु0अ0सं0 008/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना लंका कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 पवन कुमार यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 सत्यानंद थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
4. उ0नि0 अभयनाथ तिवारी क्राइम टीम थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
5. हे0का0 शक्ति सिंह क्राइम टीम थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
6. का0 सूर्यभान सिंह क्राइम टीम थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
7. का0 अविनाश यादव क्राइम टीम थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
8. का0 अभ्युदय सिंह क्राइम टीम थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

सहयोगार्थ- सर्विलांस टीम कमि0 वाराणसी व कमाण्ड सेंटर सिगरा कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।